# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–08 जून2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल, हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं। एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

**********

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है मध्यम आय वर्ग के कल्याण पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट...

**पिछले दस सालों में, भारत का मिडिल क्लास देश के विकास की यात्रा के केंद्र में रहा है। सरकार ने टैक्स सुधार, टैक्स में छूट, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के जरिए मिडिल क्लास को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। नई टैक्स व्यवस्था में अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी टैक्स–मुक्त कर दी गई है। पहले से भरे हुए इनकम टैक्स रिटर्न और फेसलैस मूल्यांकन प्रणाली ने टैक्स भरने की प्रक्रिया को तेज, आसान और पारदर्शी बना दिया है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम के अंतर्गत 25 साल की सेवा वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सुनिश्चित किया गया है। वहीं, पिछले 10 सालों में महंगाई की दर औसतन 5 प्रतिशत रही है जो कि इससे पहले के 10 सालों में 8 दशमलव दो प्रतिशत थी। सरकार के इन सभी प्रयासों ने मिडिल क्लास को असली ताकत दी है। अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज औरैया जिले के जनता डिग्री कॉलेज में मक्का किसानों से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकांक्षा के अनुरूप अन्नदाता किसान अपने पुरूषार्थ से देश की समृद्धि में सहायक हो रहा है। उन्होंने तीन फसल लेने वाले मक्का किसानों की सराहना करते हुए कहा–

**जिस प्रदेश में पहले केवल दो फसल, एक फसल तक अन्नदाता किसान सीमित रह जाता था, आज वही प्रदेश दो फसल के अलावा एक तीसरी फसल मक्का की पांच लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उसका उत्पादन करके अच्छा मुनाफा कमा रही है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसान कल्याण के कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ा रही है।

**अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का आधार ही यही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान इसी कड़ी का हिस्सा है कि हम खेती को लागत को कम करें, उत्पादन बढ़ाएं, उपज को बाजार उपलब्ध करवाएं। किसान को उसकी उपज का अच्छा दाम दिलवाएं**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और किसानों को मिनी बीज किट वितरित किए। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, औरैया जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**********

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के नब्बे वर्ष पूरे कर लिए हैं। आठ जून उन्नीस सौ छत्तीस को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था। आज आकाशवाणी पांच सौ इक्यानबे स्टेशनों का संचालन करती है जो भारत की अट्ठानबे प्रतिशत आबादी को तेइस भाषाओं और एक सौ छियालीस बोलियों में प्रसारण प्रदान करती है।

**********

भारतीय रेलवे द्वारा 'फिट इंडिया मूवमेंट' और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के अंतर्गत, आज बनारस रेल इंजन कारखाना –बरेका, वाराणसी में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया और सभी को फिट रहने तथा पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

**********

प्रदेश के पूर्वी हिस्से के अधिकांश जिले इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में इस स्थिति में और बढ़ोत्तरी होने की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कल से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की संभावना भी जताई है। इस बीच अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी का भी अनुमान है।

**********